Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 11 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 24 जून 2026

पहली फिल्म के लिए दीपिका...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सट्टा खिलाते युवक को पुलिस ने दबोचा, नकदी व सट्टा सामग्री बरामद

हल्द्वानी। अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बनभूलपुरा पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया गया। बीती देर रात को गश्त एवं चेकिंग के दौरान गौला पार्किंग, बनभूलपुरा क्षेत्र में एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से सट्टे की खाई-बाड़ी करते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सलमान पुत्र सलीम, निवासी गफूर बस्ती, के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान सट्टे बाज के कब्जे से सट्टा पर्ची, तथा नकद 1,310 बरामद किए गए। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम में कांस्टेबल मो. यासीन, कांस्टेबल सुनील शामिल रहे।

### बबीता पांडे का सुराग नहीं: नटीण के घने जंगलों और गुफाओं में सर्च अभियान

उत्तरकाशी। दयारा बुग्याल ट्रैक पर लापता बबीता पांडे मामले में पुलिस सहित खोज-बचाव टीम ने दोबारा नए सिरे से जांच व खोजबीन शुरू कर दी है। रेसक्यू टीम की ओर से नटीण के घने जंगलों में भालू आवासीय संभावित क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही जंगल के बीच में खुदे हुए स्थानों को खोदकर और पानी के टैंक के भीतर भी तलाश की गई।

बीते माह 29 मई को रामनगर की बबीता पांडे दयारा बुग्याल के गोई से अचानक लापता हो गई थी। सूचना मिलने पर वन विभाग सहित पुलिस और एसडीआरएफ ने खोज-बचाव अभियान शुरू किया। लेकिन युवती का कुछ पता नहीं लग पाया। उसके बाद जिला प्रशासन की ओर से लापता को ढूंढने के लिए एनडीआरएफ, आईटीबीपी और सेना और नेहरू पर्वतारोहण संस्थान को अभियान में शामिल किया।

## तैयारी: पर्वतीय क्षेत्रों में एक जुलाई से मिलेगा तीन माह का अग्रिम राशन

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मानसून के दौरान खाद्यान्न आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए विशेष तैयारी शुरू कर दी गई है। भारी बारिश और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए एक जुलाई से दुर्गम पर्वतीय इलाकों के राशन कार्ड धारकों को तीन माह का अग्रिम राशन उपलब्ध कराया जाएगा।



राज्य सरकार ने आगामी मानसून के दौरान भारी बारिश और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्रों में खाद्यान्न आपूर्ति की विशेष व्यवस्था की गई है। एक जुलाई से इन क्षेत्रों में तीन महीने का राशन एक साथ वितरित होगा। बरसात के मौसम में अक्सर रास्ते बंद होने से संपर्क टूटने की आशंका रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अग्रिम वितरण किया जा रहा है। शासन से मिली जानकारी के अनुसार, पर्वतीय जनपदों के सुदूर और बेहद दुर्गम क्षेत्रों के सरकारी गोदामों में तीन महीने का खाद्यान्न पहले ही पहुंचा दिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि यदि सड़कें बंद होती हैं, तब भी आम जनता को राशन के लिए परेशानी न हो। परिवहन व्यवस्था बाधित होने पर भी आपूर्ति सुचारु रहेगी। चारधाम यात्रा मार्ग से जुड़े जनपदों में खाद्यान्न आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इन मार्गों पर स्थित गोदामों में शत-प्रतिशत राशन की आपूर्ति पूरी कर ली गई है। विभाग ने सभी जिला आपूर्ति अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्हें राशन की उपलब्धता और वितरण प्रणाली पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखनी होगी। अपर आयुक्त खाद्य पीएस पांगती ने बताया कि मानसून को देखते हुए पर्वतीय जनपदों में जुलाई, अगस्त और सितंबर माह का राशन समय से भेजने की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो गई थी। उन्होंने कहा कि सभी खाद्यान्न गोदामों में तीन माह का राशन पहुंच चुका है। एक जुलाई से राशन डीलरों के माध्यम से इसका वितरण प्रारंभ होगा। जुलाई माह के दौरान ही तीनों महीनों का राशन उपभोक्ताओं को वितरित किया जाएगा। यह वितरण समयबद्ध तरीके से होगा। अपर आयुक्त खाद्य पीएस पांगती के मुताबिक किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए गोदामों में अतिरिक्त खाद्यान्न भंडार सुरक्षित रखने को कहा गया है। यह बफर स्टॉक के रूप में काम करेगा। इससे मानसून के दौरान खाद्यान्न आपूर्ति पूरी तरह सुचारु बनी रहेगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी उपभोक्ता वंचित न रहे।

संकट में शांति समझौते के बीच ट्रंप की फिर धमकी

## परमाणु निरीक्षण से किया इनकार तो रद्द कर दूंगा बैठकें

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान परमाणु निरीक्षण की अनुमति नहीं देता, तो दोनों देशों के बीच चल रही तकनीकी वार्ताओं को रोक दिया जाएगा। ट्रंप ने दावा किया कि तेहरान ने निजी स्तर पर निरीक्षण को लेकर आश्वासन दिया है और बातचीत सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का प्रमुख उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है।



पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान समझौते के तहत तीन महीने से ज्यादा समय बाद आई शांति पर फिर संकट के बादल गहराने लगे हैं। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अगर ईरान अंतरराष्टीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को अपने परमाणु कार्यक्रम का निरीक्षण करने की अनुमति नहीं देता है, तो वह तेहरान के साथ चल रही तकनीकी वार्ताओं से जुड़ी बैठकों को रद्द कर देंगे। पेंसिल्वेनिया के लीहाई काउंटी स्थित मैक ट्रक्स संयंत्र के दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने ईरान के निरीक्षण संबंधी रुख को लेकर उठ रही आशंकाओं को खारिज किया।

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के निरीक्षकों की तैनाती से जुड़े सवाल पर ट्रंप ने कहा कि ईरान सैद्धांतिक रूप में पहले ही इसके लिए सहमत हो चुका है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, वे गलत हैं। उन्हें पता है कि वे गलत हैं। उन्होंने हमें अंदरूनी तौर पर यह बताया है और हमारे पास निरीक्षण को लेकर 100 प्रतिशत आश्वासन है। अगर वे सही होते, तो मैं अभी इसी समय बैठकें रद्द कर देता। निरीक्षण कब शुरू होगा, इस सवाल पर ट्रंप ने कहा, उचित समय पर। कोई जल्दबाजी नहीं है, लेकिन उचित समय आने पर निरीक्षक वहां मौजूद होंगे। गौरतलब है कि ईरान की ओर से अभी तक परमाणु कार्यक्रम के निरीक्षण को लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई है।

## सीएम धामी के आदेश, अस्पतालों, कोचिंग सेंटरों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का होगा फायर सेफ्टी ऑडिट

देहरादून
हमारे संवाददाता

लखनऊ में एक कोचिंग सेंटर में अग्निकांड की घटना के बाद प्रदेश सरकार भी सतर्क हो गई है। सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को फायर सेफ्टी के ऑडिट के निर्देश दिए दिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशभर में अस्पतालों, कोचिंग सेंटरों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलों में जिलाधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों व भवनों का स्थलीय सर्वे करने के निर्देश दिए गए। बीते दिन लखनऊ में एक कोचिंग सेंटर में अग्निकांड की घटना के बाद प्रदेश सरकार भी सतर्क हो गई है। सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेशभर के सभी अस्पतालों, कोचिंग सेंटरों, बड़े मॉल, होटल, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साथ अन्य सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों का व्यापक फायर सेफ्टी ऑडिट कराया जाए। जन सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन संस्थानों में अग्निशमन संबंधी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं, उन्हें तत्काल चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि फायर सेफ्टी उपकरणों की कार्यशीलता, आपातकालीन निकास मार्गों, विद्युत सुरक्षा व्यवस्थाओं, आपदा की स्थिति में त्वरित निकासी की तैयारियों का विशेष रूप से परीक्षण किया जाए। अग्निशमन विभाग, जिला प्रशासन व संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर समयबद्ध ढंग से ऑडिट की प्रक्रिया पूरी की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य के सभी सरकारी व गैर-सरकारी भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों को पुख्ता करने के लिए जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी सचिवों व जिलाधिकारियों को विशेष रूप से अधिक ऊंचाई वाले भवनों, अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, असुरक्षित निकासी मार्ग वाले परिसरों और तंग गलियों व रास्तों में स्थित इमारतों का अनिवार्य रूप से स्थलीय सर्वे करने को कहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसी भी संभावित अग्नि दुर्घटना के खतरे को समय रहते पूरी तरह समाप्त करना है।

## दीवार फांदकर घर में घुसा चोर महिला के कपड़े चोरी कर फरार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हीरानगर थाना क्षेत्र में चोरी और अवैध प्रवेश का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। महेश नगर, नवाबी रोड निवासी डॉ. सारिका गंगवार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 19 जून की देर रात एक अज्ञात व्यक्ति उनके मकान की दीवार फांदकर अवैध रूप से परिसर में घुस गया। तहरीर के अनुसार आरोपी ने घर के बाहर सूख रहे कपड़ों को चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गया। पूरी घटना मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसमें आरोपी का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वादिनी डॉ. सारिका गंगवार, जो वर्तमान में महेश नगर स्थित किराए के मकान में अपने परिवार के साथ रह रही हैं, ने पुलिस से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ चोरी, अवैध प्रवेश तथा महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को प्रभावित करने वाले कृत्यों सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## देश की एकता और अखंडता के लिये समर्पित रहा मुखर्जी का जीवन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी कुमाऊं संभाग कार्यालय हल्द्वानी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनको श्रद्धासुमन अर्पित किये।



कार्यक्रम में उपस्थित नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सांसद अजय भट्ट ने भारत माता के महान सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अजय भट्ट ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित रहा उन्होंने देशहित को सर्वोपरि रखते हुए जम्मू-कश्मीर में एक देश, एक विधान और एक निशान की अवधारणा को लेकर संघर्ष किया तथा राष्ट्र की एकता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला व कहा कि डॉ. मुखर्जी के आदर्श आज भी देशवासियों को राष्ट्रसेवा, सुशासन और जनकल्याण के लिए प्रेरित करते हैं। उनके विचार विमर्श सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, पूर्व महापौर जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट व प्रतिभा जोशी, मण्डल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष रविन्द्र बाली, युवा मोर्चा जिला महामंत्री कनिष्क ढींगरा मौजूद रहे।

# आश्वासन के बाद सभासदों का धरना स्थगित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद के सभासदों की ओर से 11 सूत्रीय मांगो को लेकर चलाया जा रहा धरना प्रदर्शन दूसरे दिन मंगलवार को पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल के आश्वासन के बाद स्थगित हो गया।

बता दें लेक ब्रिज चुंगी की निविदा प्रक्रिया समेत अन्य मांगों को लेकर सोमवार को नगरपालिका के सभासदों ने विरोध जताते हुए पालिका कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू किया और रात भर भी सभासद धरने में बैठे रहे। मंगलवार को शाम तीन बजे पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल से मिले आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन स्थगित हो गया। डा. खेतवाल ने कहा कि सभासदों की मुखय मांग टेंडर को लेकर थी जिसमें शीघ्र ही 10-15 दिन के भीतर बोर्ड मीटिंग कराई जाएगी क्योंकि उतना समय अनिवार्य होता है। सर्वसम्मति से जो प्रस्ताव पास होगा उसे हिसाब से आगे कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही शहर के अन्य समस्याओं के लिए हम स्वयं भी प्रयासरत हैं। जो



भी कमियां हैं उन्हें ठीक करने के लिए पूरे प्रयास कराए जा रहे हैं। कहा कि जब पालिका को गाडि ?ं नहीं मिल पा रही थी तो वह उन्होंने खुद कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के माध्यम से जो पैसा मिल रहा है उसकी फ इल शासन से आने के बाद मंत्री के पास गई है। मंत्री जी से संपर्क करके शीघ्र ही आगे की कार्यवाही करने के लिए वार्ता की जाएगी। दूसरी ओर सभासद जीतेन्द्र कुमार पांडे ने कहा कि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पालिकाध्यक्ष की ओर से जो समय सीमा तय की गयी है उसके भीतर मांगें पूरी नहीं होती है तो सभासद आमरण अनशन के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान सभासद भगवत रावत, पूरन सिंह बिष्ट, मनोज साह जगाती, राकेश पवार, सुरेंद्र कुमार, रमेश प्रसाद, जीतेन्द्र कुमार पांडे, अंकित चंद्रा, गजाला कमाल, ललिता दफ ौटी, गीता उप्रेती, शीतल कटियार, काजल आर्य तथा सपना बिष्ट आदि मौजूद रहे।



# भाजपाईयों ने पुण्यतिथि पर डा.मुखर्जी को याद किया

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक प्रेरणा स्रोत तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को भाजपा नैनीताल मंडल द्वारा बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर मंडल के सभी बूथों एवं शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्रहित में दिए गए अद्वितीय योगदान और बलिदान को स्मरण किया। शक्ति केंद्र नैनीताल कलब में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकताए अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित रहा। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट, गरमपानी के पूर्व मंडल अध्यक्ष सोबन सिंह बिष्ट, शक्ति केंद्र संयोजक शैलेन्द्र बर्गली, कार्यालय मंत्री भारत सिंह मेहरा, जिला किसान मोर्चा के लाल सिंह बिष्ट, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, विकास जोशी, विक्रम रावत, ललित ढैला व प्रेम सागर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे वही शेर का डांडा शक्ति केंद्र में संयोजक खजान सिंह डंगवाल के नेतृत्व में सभी बूथों में सादगी पूर्वक मनाया गया। मंडल अध्यक्ष श्री नितिन कार्की ने बताया कि नैनीताल मंडल के सभी शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर बलिदान दिवस के कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए।

# राज्यपाल ने वन अधिकारियों व कर्मियों को किया सम्मानित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल के लोक भवन में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने वन विभाग के उन अधिकारियों व कर्मियों को विशेष रुप से सममानित किया गया जिन्होंने वानिकी तथा वन्य जीव संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु अपना अमूल्य योगदान दिया था।

नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार के मुताबिक सममानित होने वालों में नैनीताल वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत, तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के वन क्षेत्राधिकारी विजेन्द्र सिंह, उप वन क्षेत्राधिकारी अलकनंदा वन प्रभाग डब्बल सिंह खाती समेत वन दरोगा विजेन्द्र चौहान, राजेन्द्र सिंह रावत, आरती पंत, गजेंद्र सिंह गडिया, प्रकाश गिरी, कंचन नौटियाल तथा वन आरक्षी अरुण सिंह, गोविन्द कुमार, कीर्ति, तेज राम, प्रेमा तिवारी तथा कयूआरटी सदस्य जितेंद्र सिंह, डाकिया शंकरी लाल तथा महावत रुपन बसुमतारी शामिल थे।

संचालन उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक हेमंत बिष्ट ने किया। राज्यपाल ने उनके संचालन शैली की भी भूरि-भूरि प्रशंसा कर उन्हें भी सम्मानित किया गया।



## NEWS / फटाफट

### भीमताल के जंगलियागांव में लगा विधिक जागरुकता शिविर

नैनीताल । उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के आदेशानुसार मंगलवार को पंचायत भवन जंगलियागांव भीमताल में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रम विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया जिसमें जंगलियागांव, पांडेगांव व हरिनगर तथा मलवाताल ग्रामसभा के श्रमिक लोगों का श्रम कार्ड हेतु नए आवेदन किए गया तथा पुराने आवेदन के नवीनीकरण भी किए गए। जिसमें ग्रामीणों से आवेदन किए गए जिससे वह योजना का लाभ उठा सके। शिविर में अंजू पांडे तथा उमा भंडारी उपस्थित रहे ।

### नैनीताल में मौसम सुहावना,पर्यटक उमड़े



नैनीताल। नैनीताल में मंगलवार को दिनभर मौसम सुहावना बना रहा,सुहावने मौसम के बीच नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। दूसरी ओर नगर में इन दिनों पर्यटन सीजन अपने पूरे यौवन पर पहुंच चुका है,पर्यटकों के काफी संखया में पहुंचने की वजह से नगर के होटल व होम स्टे व अतिथि गृह पैक हो गए हैं,वही पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की संखया बढने से इन दिनों नैनीताल में पुलिस को भी यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए खूब पसीना बहाना प ड़ रहा है।

### हनुमानगढ़ी मंदिर नैनीताल के राज्यपाल ने किए दर्श न



नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने अंतिम बड़ा मंगल के दिन नैनीताल स्थित प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य एवं राज्य के सर्वांगीण विकास की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हनुमानगढ़ी की आध्यात्मिक ऊर्जा एवं दिव्य वातावरण भारतीय संस्कृति के उन सनातन मूल्यों की स्मृति कराते हैं जो सेवा, समर्पण, साहस और लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी जैसे आस्था के केंद्र हमारी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण प्रतीक हैं जो समाज को सेवा व समर्पण और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

### गाली गलौज का विरोध किया तो महिला से मारपीट की

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर कुछ लोगों के खिलाफ गाली गलौज करते हुए मारपीट और कपड़े फाड़ने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भूतबंगला वार्ड 20 निवासी सलमा पत्नी याकूब हुसैन ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले के ही कुछ युवक आए दिन उसके घर के बाहर बैठकर गाली गलौज करते हैं। कई बार समझाने के बाद भी वह नहीं माने। सोमवार रात वह अपनी पुत्री के साथ घर में अकेली थी। इसी बीच आरोपी युवक उसके घर के दरवाजे के पास खड़े होकर गालीगलौज कर रहे थे। यह देख उसने विरोध किया तो आरोपी उससे गाली गलौज कर अभद्रता करने लगे। बताया कि इसका पता चलते ही उसका देवर मेहबूब अली आया। उससे भी गाली गलौज की गई। साथ ही उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बीच बचाव को आई उसके देवर मेहबूब की पत्नी सिम्मो से भी आरोपी ने अभद्रता कर कपड़े फाड़ दिए।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नर्सिंग कॉलेज नैनीताल में सहज ध्यान शिविर का आयोजन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नर्सिंग कॉलेज नैनीताल में मंगलवार को आत्म साक्षात्कार एवं सहज ध्यान कार्यक्रम हुआ। परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी की कृपा से 96 नर्सिंग छात्राओं एवं 4 शिक्षकों ने ध्यान द्वारा आत्मसाक्षात्कार एवं चैतन्य लहरियों का अनुभव किया।

सहजयोग टीम ने बताया कि हमारे शरीर में इड़ा, पिंगला एवं सुषुना नामक तीन मुख्य नाड़ियां हैं। तनाव, गुस्साए थकान से ये असंतुलित हो जाती हैं। सहज ध्यान द्वारा सुषुना नाड़ी जागृत होती है जिससे मन निर्विचार होकर पूर्ण शांति में स्थित हो जाता है। नाड़ियों के संतुलन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और शरीर.मन में समरसता आती है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि नर्सिंग सेवा एक ऐसी सेवा है जिसमें मन व शरीर और करुणा तीनों का संतुलन चाहिए। सहज ध्यान के अभयास से छात्राओं का मन शांत और निर्विचार हो रहा है जिससे रात्रि ड्यूटी और इमरजेंसी के तनाव में भी धैर्य बना रहता है।

पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ रही है, स्मृति तेज हो रही है और रोगी सेवा के समय मन में स्वतः करुणा का भाव जागृत हो रहा है। निरंतर ध्यान से थकान कम हो रही है, नींद गहरी आ रही है और मन में प्रसन्नता के साथ सेवा का उत्साह बढ़ रहा है। नशा, क्रोध व चिंता जैसी नकारात्मक आदतें स्वत- छूटने लगती हैं और व्यक्ति आंतरिक रूप से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने लगता है। सहजयोग टीम की वंदना, दिव्या,कृतिका,वेदान्त व मोहित तथा गीति मेहरा आदि ने छात्राओं को ध्यान की सरल विधि सिखाई। सभी ने अनुभव साझा किया कि मन हल्का हो गया तथा अंदर से ऊर्जा महसूस हुई।

# बिड़ला विद्या मंदिर विद्यालय में आईपीएससी ताइक्वांडो चैंपियनशिप

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



नैनीताल। बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल में आयोजित प्रतिष्ठित आईपीएससी ताइक्वांडो चैंपियनशिप बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के आठ राज्यों से आए 11 प्रतिष्ठित विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, तकनीकी दक्षता और जुझारूपन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 23 एवं 24 जून को आयोजित इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबले खेले गए। अंतिम दिन हुए रोमांचक फाइनल मुकाबलों के बाद मेजबान बिड़ला विद्या मंदिर, नैनीताल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता पर अपना वर्चस्व कायम रखा और 24 स्वर्ण, 4 रजत एवं 3 कांस्य पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अंडर-14 आयु वर्ग में बिड़ला विद्या मंदिर ने 5 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस वर्ग में राजकुमार कॉलेज, रायपुर द्वितीय तथा असम वैली स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-17 आयु वर्ग में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। इस वर्ग में एमराल्ड हाइट्स स्कूल, इंदौर द्वितीय तथा राजकुमार कॉलेज, रायपुर तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-19 आयु वर्ग में भी बिड़ला विद्या मंदिर का दबदबा कायम रहा। विद्यालय ने 6 स्वर्ण, 2 रजत एवं 2 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमराल्ड हाइट्स स्कूल, इंदौर द्वितीय तथा असम वैली स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर विद्यालय के वित्तीय प्रबंधक संजय गुप्ता, आईपीएससी ऑब्ज़र्वर राकेश कुमार शर्मा, राकेश मुलासी, पृथ्वीराज सिंह किरौला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गड़िया, जतिन ग्रोवर, तुषार मिश्रा, आलोक अस्थाना एवं कुणाल जोशी सहित विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, उल्लास और खेल भावना का अद्भुत वातावरण देखने को मिला, जिसने इस प्रतियोगिता को एक यादगार और प्रेरणादायक खेल आयोजन बना दिया।

# अभिमत



## सीखें सबक

*उत्तराखंड सरकार को दिल्ली के गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से सबक सीखने की जरूरत है। इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने मेडिकल छात्रों के लिए एक वर्ष की अनिवार्य सेवा लागू कर दी है। अब मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्रों को दिल्ली सरकार के अस्पतालों में सेवा देनी होगी। यह नियम सभी ऑल इंडिया कोटा, स्टेट कोटा, पीजी और सुपर स्पेशलिटी कोर्स के छात्रों पर लागू होगा।*

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था सुधारने के सभी प्रयास विफल साबित हुए हैं। डाक्टर पहाड़ चढ़ना नहीं चाहते हैं। हालत इस कदर बदतर हो गई है कि कुमाऊं के सबसे बड़े महानगर हल्द्वानी स्थित राज्य के सबसे पुराने मेडिकल कालेज में पढ़ाने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी हो गई है। उत्तराखंड सरकार को दिल्ली के गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से सबक सीखने की जरूरत है। इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने मेडिकल छात्रों के लिए एक वर्ष की अनिवार्य सेवा लागू कर दी है। अब मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्रों को दिल्ली सरकार के अस्पतालों में सेवा देनी होगी। यह नियम सभी ऑल इंडिया कोटा, स्टेट कोटा, पीजी और सुपर स्पेशलिटी कोर्स के छात्रों पर लागू होगा। उत्तराखंड के मेडिकल कालेजों में रियायती फीस पर पढ़ाई करने वाले डाक्टरों से पांच साल तक पर्वतीय क्षेत्र में काम करने का बांड भरवाया गया था। एमबीबीएस के बाद डाक्टर दूसरे राज्यों में पीजी और सुपर स्पेशलिटी के लिए चले गये। राज्य सरकार ने पूरी फीस के लिए कार्रवाई की, लेकिन पता नहीं चला कि बांड का पालन नहीं करने वालों से वसूली हुई। पृथक राज्य का गठन होने के बाद पर्वतीय क्षेत्र में काम करने के लिए तीन साल का अलग से मेडिकल कोर्स शुरु करने पर चर्चा होती रही, लेकिन अमल नहीं हो सका। देहरादून, हल्द्वानी और तराई के बड़े शहरों में सरकारी अस्पतालों में कार्यरत डाक्टरों का स्थानांतरण पर्वतीय क्षेत्र में करने पर त्यागपत्र देकर निजी प्रैक्टिस और प्राइवेट अस्पतालों में काम करने लगते हैं। इसी तरह हल्द्वानी मेडिकल कालेज के सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टरों का अल्मोड़ा अथवा अन्य मेडिकल कालेज में तबादला करने पर इस्तीफा दे देते हैं। पर्वतीय क्षेत्र के जिन अस्पतालों में डाक्टर हैं, वहां चिकित्सा की उच्च तकनीक नहीं है और रेफर सेंटर बन गये हैं। कुमाऊं के पर्वतीय जिलों से गंभीर रोगी तथा हादसे में घायलों को हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी हास्पीटल में रेफर किया जाता है। सुशीला तिवारी हास्पीटल में मेडिकल कालेज के डाक्टर काम करते हैं। सवाल यह उठता है कि जब मेडिकल कालेज में ही फैकल्टी का संकट है तो सुशीला तिवारी हास्पीटल में इलाज की व्यवस्था कैसे दुरुस्त रह सकती है? उधर मेडिकल कालेज में पढ़ रहे छात्रों को एमबीबीएस डिग्री की मान्यता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

# फर्जी शस्त्र लाइसेंस रैकेट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## अपराध मुक्त उत्तराखंड विजन को साकार में एसटीएफ का बड़ी कार्रवाई

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

अपराध मुक्त उत्तराखंड के विजन तथा डीजीपी दीपम सेठ के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखंड ने राज्य में बाहरी राज्यों से स्थानान्तरित होकर आए शस्त्र लाइसेंसों की वैधता एवं सत्यता की जांच के बाद काशीपुर में दर्ज अभियोग के मामले में मास्टरमाइंड को कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र में दबोच लिया है।

एसटीएफ इसी मुकदमें से संबंधित 14 शस्त्र एवं 355 जिन्दा कारतूस व कई फर्जी शस्त्र लाईसेंस बरामद कर चुकी है। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार सदानंद पूर्व में भी गाजियाबाद व जनपद शाहजहाँपुर से फर्जी शस्त्र लाईसेंस में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वह एक आदतन अपराधी है। अभियुक्त सतानन्द शर्मा ने फर्जी व कूटरचित तरीके से शस्त्र लाईसेंस तैयार कर धनराशि प्राप्त कर जनपद ऊधम सिंह नगर में बडी संख्या में सौरभ अग्रवाल तथा उसके भाई गौरव अग्रवाल के माध्यम से बनवाकर दिये हैं। इसके द्वारा जो भी व्यक्तियों के



लाईसेंस बनवाये गये हैं उनका जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय शाहजहांपुर में वहां काम करने वाले संविदा कर्मियों से मिलकर पुराने यूआईएन नम्बर जिनका रिकार्ड जनपद शाहजहाँपुर से गायब हो चुका था उन्हें ऑनलाईन पोर्टल पर फर्जी तरीके से अपलोड़ करा दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त सतानन्द शर्मा ने अपने बैंक खाता संख्या उपरोक्त में सौरभ अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, करन सिंह, जतिन कांडपाल, शुभम अग्रवाल समेत अन्य लोगों से शस्त्र लाईसेंस बनवाये गये हैं के द्वारा भी धनराशि प्राप्त की गयी है। अभियुक्त सतानन्द के बैंक खाते में अवैध असलहों के कूटरचित लाईसेंस के कारोबार से करीब एक करोड सत्तर लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। पूछताछ के बाद उसे कोतवाली काशीपुर दाखिल किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः** सतानन्द शर्मा निवासी ग्राम-अनावा थाना-पुंवाया जिला-शाहजंहापुर यूपी।

गिरफ्तारी टीम में निरीक्षक विकास चौधरी, निरीक्षक अरुण कुमार, एसआई विपिन चन्द्र जोशी,एसआई केजी मठपाल, महिला दरोगा वंदना साईबर, हेड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह बिष्ट, महेन्द्र गिरी,रवि बोरा,जितेन्द्र कुमार, किशन चन्द्र शर्मा,हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र कनवाल सर्विलांस आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे। एसटीएफ राज्य में फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले की जांच कर रही है। एसटीएफ ने राज्य में इस सम्बन्ध में विभिन्न जनपदों में 3 अभियोग दर्ज कर संलिप्त 9 अभियुक्तों को जेल भेजा गया है। अब तक 14 अवैध शस्त्र व फर्जी लाइसेंस बरामद किये जा चुके हैं। इसके अलावा बाहरी राज्यों से स्थानान्तरित होकर आए हजारों शस्त्र लाइसेंसों एवं उनके धारकों का सत्यापन जारी है। जांच में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आगे भी लगातार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फर्जी शस्त्र लाइसेंस राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक शांति एवं कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं तथा ऐसे मामलों में उत्तराखंड पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है।

## अश्लील पोस्ट वायरल करने और जानलेवा हमले का आरोप

हल्द्वानी। तीनपानी क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपनी देवरानी और उसकी मां पर फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर अश्लील सामग्री वायरल करने, जान से मारने की धमकी देने और घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में पुलिस कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली है। बिहारी कॉलोनी, तीनपानी निवासी सुमति मिश्रा ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, में दायर प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी देवरानी प्रिया मिश्रा उर्फ कोमल और उसकी मां सुमन मिश्रा लंबे समय से परिवार के प्रति द्वेषभावना रखती हैं।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SHADAB AHAMAD से बदलकर MOHAMMAD SHADAB रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मोहम्मद शादाब पुत्र श्री अजीज अहमद नाम से जाना, पहचाना जाये। **-मोहम्मद शादाब, उत्तर उजाला, बरेली रोड, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

## तीन दिवसीय तृतीय प्रादेशिक अन्तर जनपदीय, वाहिनी उत्तराखंड पुलिस हैंडबॉल कलस्टर प्रतियोगिता

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

31वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित तीन दिवसीय तृतीय प्रादेशिक अन्तर जनपदीय,वाहिनी उत्तराखंड पुलिस हैंडबॉल कलस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी आईजी पीएसी सुनील कुमार मीणा ने किया।

इसके बाद हैण्डबॉल 31वीं वाहिनी पीएसी और आईआरबी द्वितीय वाहिनी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें 31वीं वाहिनी पीएसी ने 7 गोल अधिक अर्जित कर शानदार विजय प्राप्त की। इसके अलावा बास्केटबॉल जनपद पिथौरागढ़ एवं जनपद चंपावत के बीच मैच खेला गया। जिसमें जनपद चंपावत टीम 0-2 के अंतर से विजेता रही। आयोजकों के मुताबिक आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड पुलिस (जनपद/वाहिनी) की 9 टीमों के लगभग 144 खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल खेलना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उधर 31वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक आईपीएस अधिकारी देवेंद्र पींचा ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 25 जून को होगा। समापन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि आईजी कुमाऊं मंडल आईपीएस अधिकारी निवेदिता कुकरेती रहेंगी। यहां पर सेनानायक 31वी वाहिनी पीएसी देवेंद्र पींचा, सेनानायक 46वी वाहिनी पीएसी आईपीएस अधिकारी पंकज भट्ट, सेनानायक आईआरबी प्रथम डॉ हरीश वर्मा,उप सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी मिथिलेश कुमार, बिमल कुमार उपसेनानायक 46वी वाहिनी पीएसी, सहायक सेनानायक विमल रावत, सहायक सेनानायक 46वीं पीएसी प्रतिमा भट्ट, हीरा सिंह जलाल,ज्योति प्रकाश, खुर्शीद अली,पूरन सिंह बुंगला, गीता उप्रेती समेत सभी टीमों के टीम मैनेजर अन्य मौजूद रहे।

## वोविनाम प्रतिनिधिमंडल ने की अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल परिषद से मुलाकात

रुद्रपुर। वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पवेलियन ग्राउंड स्थित कार्यालय, देहरादून में अध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य स्तरीय खेल परिषद कुलदीप सिंह बुटोला से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वोविनाम खेल को मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना एवं खेल महाकुंभ में सम्मिलित करने हेतु ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषिपाल भारती,महासचिव विनोद लखेरा एवं टेक्निकल डायरेक्टर देवेंद्र रावत,अमित चौधरी ने किया। इस दौरान कुलदीप सिंह बुटोला ने कहा उत्तराखंड के खिलाड़ी हर खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। वोविनाम जैसे ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया द्वारा मान्यता प्राप्त खेल में युवाओं की रुचि देखकर प्रसन्नता हुई। खेल परिषद का प्रयास है कि प्रत्येक मान्यता प्राप्त खेल को समान अवसर मिले। वोविनाम एसोसिएशन ने दिया प्रस्ताव अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# फिल्मी दुनिया

## पहली फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण को किया था तैयार



*बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने 2007 में शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' से बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री की थी। फराह खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहरुख और दीपिका दोनों ने ही डबल रोल निभाए थे। अपने हालिया कुकिंग व्लॉग में फराह ने याद किया कि उन्होंने अपनी डेब्यू फिल्म के लिए दीपिका को कैसे ट्रेन किया था। इस बार फराह खान अपने कुक दिलीप के साथ हालिया कुकिंग व्लॉग के एक एपिसोड के लिए दीया मिर्जा के घर पहुंचे। बातचीत के दौरान दीया ने बताया कि बॉलीवुड में डेब्यू करते समय उन्हें कोई वर्कशॉप या डांस क्लास नहीं दी गई थी, बल्कि उन्हें लगातार 27-28 घंटे काम करने के लिए मजबूर किया गया था। उन्होंने फराह से कहा कि जिन लोगों को आप लॉन्च करने का दावा करते हैं, जब मैं उनसे आपके प्यार, देखभाल और ध्यान के बारे में कहानियां सुनती थी। इसके बाद फराह ने बताया कि उन्होंने दीपिका को 'ओम शांति ओम' के लिए कैसे तैयार किया।*

### बॉक्स ऑफिस पर सफल

*उन्होंने कहा कि दीपिका मैंने तुम्हारा कितना ख्याल रखा। पहले तो मैंने उसे 3-4 महीने अनुपम खेर की क्लास में भेजा, फिर मैंने उसे कथक क्लास में भेजा। हमने कई लुक टेस्ट किए। उसकी शूटिंग भी मैंने 10 दिन बाद शुरू की। मैंने उससे कहा, %पहले 10 दिन तो आ जाओ% और सेट पर रहो, देखो कि शाहरुख खान कैसे काम कर रहे हैं, श्रेयस तलपड़े कैसे काम कर रहे हैं। बस हर दिन आकर बैठो। दो अलग-अलग समय काल पर आधारित 'ओम शांति ओम' ओम की कहानी है, जो एक जूनियर कलाकार है।*

## प्रतिबंधित गौमांस एक व्यक्ति को गौकसी करते धरा, मुकदमा

**सितारगंज**

हमारे संवाददाता

गौवंश सरंक्षण स्क्वाड कुमाऊँ परिक्षेत्र टीम एवं सितारगंज कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित गौमांस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार को गौवंश सरंक्षण स्क्वाड कुमाऊँ परिक्षेत्र टीम ने क्षेत्र रम्पुरा में गौकसी की सूचना मिलने पर प्रभावी कार्रवाई करते हुये लगभग 10 किलोग्राम अवैध गौमांस बरामद किया। टीम ने मौके से अभियुक्त मोहम्मद यूनुस को भी गिरफ्तार किया। टीम प्रभारी के मुताबिक इस मामले में कोतवाली सितारगंज में 3/5/11 (1) गौवंश सरक्षण अधिनियम के तहत अभियोग पंजिकृत कराया गया।

उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वह गौकसी करने वालों सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। कार्रवाई टीम में प्रभारी गोवंश स्क्वाड पंकज बेलवाल, राजेश गिरि, संजीव कुमार के अलावा सितारगंज कोतवाली से एसआई जगत सिंह शाही,एएसआई राकेश सिंह आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।



# वन हमारी सांस्कृतिक चेतना, पर्यावरणीय सुरक्षा व भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार:राज्यपाल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मंगलवार को लोक भवन नैनीताल में उत्तराखण्ड वन विभाग द्वारा आयोजित प्रकृति के प्रहरी वनकर्मी सम्मान एवं पुस्तक विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए कहा कि वन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, पारिस्थितिक संतुलन और मानव सभयता के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति और मानव का अस्तित्व एक-दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है तथा विकसित भारत और विकसित उत्तराखण्ड का लक्ष्य तभी




साकार होगा जब विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ.साथ आगे बढ़ेंगे। इस दौरान राज्यपाल ने वन एवं वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वनकर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने सम्मानित वनकर्मियों को प्रकृति का सच्चा प्रहरी बताते हुए कहा कि भीषण वनाग्नि, प्राकृतिक आपदाओं और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वनकर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना वनों और वन्यजीवों की रक्षा में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि उनका समर्पण, साहस और सेवा भाव उत्तराखण्ड की हरित चेतना को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इस अवसर पर राज्यपाल ने राजाजी में पूर्णिमा की वह रात,कामन बर्ड आफ अल्मोड़ा एंड नैनीताल,फ्राम रूट्स टू रिचेज तथा विहीप फैंसिंग पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि ये पुस्तकें प्रकृति, जैव विविधता, आजीविका संवर्धन तथा नवाचार के विविध आयामों को सामने लाती हैं।

**आयोजन**

- वनकर्मी प्रकृति के सच्चे प्रहरी एवं हरित संपदा के सजग रक्षक

कार्यक्रम के शुभारंभ में निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व डॉ. साकेत बडोला ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर अपर प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) डॉ. विवेक पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वन एवं वन्यजीव संरक्षण विषयक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर प्रमुख वन संरक्षक (कुमाऊँ) डॉ. तेजस्विनी अरविन्द पाटिल समेत वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, शोधकर्ता व सममानित वनकर्मी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# धधकी आग: स्कूल बसें जलीं, जूते की दुकान में खाक





**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर में मंगलवार को आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं ने लोगों में दहशत फैला दी। एक ओर मुख्य बाजार स्थित मीरा मार्ग में जूते की दुकान में भीषण आग लग गई, वहीं दूसरी ओर हीरानगर स्थित केवीएम स्कूल परिसर में खड़ी बसों में अचानक आग भड़क उठी। दोनों घटनाओं में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि दोनों हादसों में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

पहली घटना हीरानगर स्थित केवीएम स्कूल में हुई, जहां स्कूल परिसर के अंदर पार्क की गई बसों में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों के अनुसार एक बस में शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़की, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पास खड़ी अन्य बसों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि दो बसें धू-धू कर जलकर खाक हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड हल्द्वानी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा आग बुझाने का अभियान शुरू किया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। फिलहाल पुलिस, प्रशासन और संबंधित विभाग आग लगने के कारणों की जांच में जुटे हुए हैं।

वहीं दूसरी घटना मुख्य बाजार के मीरा मार्ग में स्थित माशा शूज नामक जूते की दुकान में हुई, जहां अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया।

फायर सर्विस की तत्परता के चलते आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि दुकान सुमेर सिद्दीकी पुत्र मतीन सिद्दीकी की है। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लगभग पूरा सामान जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

लगातार सामने आ रही आग की घटनाओं ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन ने लोगों से बिजली उपकरणों और वायरिंग की नियमित जांच कराने तथा सतर्क रहने की अपील की है।

# विधायक सरिता आर्या ने सीएम के सचिव बगौली को सौंपा ज्ञापन

**देहरादून/नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या ने सचिवालय देहरादून में सचिव मुखयमंत्री शैलेश बगौली से भेंट कर जनभावनाओं के अनुरूप मांगपत्र सौंपा।

विधायक सरिता आर्या ने जनपद नैनीताल के विकासखंड बेतालघाट में रोपा सौपाटी से कोटाधरिया तक मोटर मार्ग निर्माण करने एवं जनपद नैनीताल के एनएच-71 रामनगर भंडारपानी अमगढ़ी बोहराकोट तल्ली सेठी बेतालघाट रतौड़ा भुजान रिची बिल्लेख मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं डामरीकरण के संबंध में जनभावनाओं के अनुरूप मांगपत्र सौंपा। इसके साथ ही बेतालघाट अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन अतिशीघ्र लगवाने के संबंध में सकारात्मक वार्ता हुई। सचिव मुखयमंत्री शैलेश बगौली ने लोक निर्माण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समाधान करने के संबंध में आश्वस्त किया इसके साथ



ही नैनीताल कृष्णापुर क्षेत्र में खतरा बन चुके विशालकाय चट्टान के सुरक्षा उपाय करवाने एवं शहर के सात नंबर क्षेत्र को जोडने वाले मुखय मार्ग में हुए भूस्खलन क्षेत्र में सुरक्षा दीवार एवं अन्य आपदा प्रबंधन के कार्य अतिशीघ्र करवाने हेतु आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन एवं सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगौली से अतिशीघ्र प्रस्ताव बनाकर कार्य करने के संबंध में वार्ता हुई इस दौरान उत्तराखंड महिला आयोग की नवनियुक्त सदस्य विमला अधिकारी भी मौजूद रहीं।

# आयोग के कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं: दुम्का

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की तैयारियों को लेकर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रकाश चन्द्र दुम्का ने मंगलवार को नगर निगम सभागार हल्द्वानी में जनपद के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/ उपजिलाधिकारियों के साथ भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की।

उन्होंने कहा जिन कार्मिकों द्वारा एसआईआर के कार्यों में लेटलतीफी करने के साथ ही संतोषजनक कार्य नहीं किया जा रहा है, ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा आयोग के कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने जनपद नैनीताल का गणना, प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का प्रतिशत आज तक 48.5 होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी ब्लाकों के रजिस्टीकरण अधिकारियों/ उपजिलाधिकारियों को गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा गणना प्रपत्र वितरण के कार्य का नियमित स्थलीय निरीक्षण किया जाए, प्रत्येक दिन की प्रगति रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी जाए। बूथों का प्रतिशत कम होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि एईआरओ प्रात: 7 बजे फील्ड में जाएं और चैक करें बीएलओ फील्ड में है या नहीं, मानिटरिंग करें तथा बीएलओ की प्रतिदिन वर्तमान लोकेशन द्वारा उपस्थिति दर्ज करें।

बैठक में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी पारितोष वर्मा, एपी बाजपेयी, मोनिका, नवाजिश खलिक, गोपाल सिंह चौहान,अनुराग आर्य, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हंसा दत्त पाण्डे के साथ ही एसआईआर से जुड़े अधिकारी मौजूद थे।



# जनमाणस ग्रामीण उत्थान समिति ने की अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई मांग

हल्द्वानी। जनमाणस ग्रामीण उत्थान समिति ने प्रदेश में गंभीर आपराधिक इतिहास रखने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। समिति की ओर से पुलिस महानिदेशक, कुमाऊं परिक्षेत्र उत्तराखंड को एक ज्ञापन प्रेषित कर नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जनपद में सक्रिय अपराधियों की सूची तैयार कर निगरानी बढ़ाने की मांग की गई है।

# विद्युत चोरी में विभाग ने केबिल बरामद कर दर्ज कराया मुकदमा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

विद्युत विभाग की सतर्कता टीम ने विद्युत चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत काठगोदाम क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक उपभोक्ता को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़ा। मौके से चोरी में प्रयुक्त केबिल बरामद कर कब्जे में ली गई और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

15 जून को उज्जवल भास्कर, उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड सुभाषनगर, अपनी टीम के साथ विद्युत चेकिंग अभियान पर थे। इस दौरान उनके साथ नवीन पंत (अवर अभियंता), खजान सिंह बिष्ट (लाइन कर्मी), अमित चन्द्र आर्या (सहायक अभियंता सतर्कता, कुमाऊं क्षेत्र हल्द्वानी) तथा सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहे। टीम विभागीय वाहन से विभिन्न परिसरों की जांच कर रही थी।

चेकिंग के दौरान टीम निकट डाक बंगला, काठगोदाम स्थित दयाल सिंह पुत्र फांसीस के परिसर पर पहुंची। जांच में पाया गया कि परिसर में अवैध रूप से केबिल के माध्यम से बिजली चोरी की जा रही थी। मौके से लगभग 17 मीटर लंबी 2-कोर केबिल बरामद की गई। जांच के अनुसार परिसर पर लगभग 1.596 किलोवाट विद्युत भार उपयोग किया जा रहा था। विद्युत विभाग ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है विभाग ने साफ किया है कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# धूमधाम से मना मा नयना देवी मंदिर का स्थापना दिवस

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

श्री मां नयना देवी मंदिर का स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम के साथ ही बीते आठ दिनों से चल रहे श्रीमद्देवी भागवत महायज्ञ का भी भव्य व दिव्य समापन हो गया। मंदिर में दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठानों से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस मौके पर आयोजित विशाल भंडारे में भक्तों ने मां का प्रसाद ग्रहण किया। स्थापना दिवस के चलते पूरे मंदिर परिसर को बिजली की आकर्षक मालाओं से सजाया गया था।



इससे पूर्व मंगलवार को सुबह 7 बजे से कुल पूजा हुई, उसके बाद हवन, कन्या पूजन फि र भंडारा हुआ उसके बाद वयास पूजन, पुस्तक पूजन के साथ ही भजन संध्या का साथ स्थापना दिवस श्रीमद् देवी भागवत कथा का समापन हुआ। समारोह में मुखय यजमान मनोज चौधरी व राजीव लोचन साह सपत्नीक बैठे। आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, सचिव प्रदीप कुमार शाह ,उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, कोषाध्यक्ष किशन सिंह नेगी समेत मून बहादुर शाह, प्रधान आचार्य बसन्त बल्लभ पाण्डेय, चंद्रशेखर तिवारी, भुवन कांडपाल, गणेश बहुगुणा, नवीन चंद्र तिवारी समेत प्रशासनिक अधिकारी सुरेश मेलकानी, बसन्त जोशी, अमिता साह, सुमन साह, मंजू रौतेला, मीनू बुधलाकोटी तथा मुन्नी भट्ट व शालिनी शाह आदि भकतजन भकतिभाव से जुटे रहे। अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने सभी का आभार जताया।